हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 20 मार्च 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 27. 0 डिग्री

एसईसीएल दीपका खदान में श्रमिक की मौत, श्रमिकों ने जमकर किया प्रदर्शन

2



## खबर संक्षेप

### प्रभारी मंत्री आज करेंगे जिला पंचायत भवन का भूमिपूजन



**सक्ती।** जिला गठन के पश्चात अस्तित्व में आए जिला पंचायत के स्वयं के नए भवन का भूमि पूजन समारोह शुक्रवार 20 मार्च को लि पंचायत संसाधन केन्द्र, जेठा में दोपहर 3.30 बजे से रखा गया है। छत्तीसगढ़ शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा भूमि पूजन कार्यक्रम जिला पंचायत भवन निर्माण कार्य हेतु स्वीकृत 314.25 लाख रुपए है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग, छत्तीसगढ़ शासन एवं प्रभारी मंत्री जिला सक्ती गुरु खुशवंत साहेब होंगे। अध्यक्षता डॉ. चरण दास महंत विधायक सक्ती एवं नेता प्रतिपक्ष, छत्तीसगढ़ विधानसभा श्रीमती कमलेश जांगड़े, सांसद, लोकसभा क्षेत्र जांजगीर चांपा होंगे। विशिष्ट अतिथि रामकुमार यादव विधायक, विधानसभा क्षेत्र चंद्रपुर, बालेश्वर साहू विधायक, जैजैपुर, श्रीमती द्रौपदी कीर्तन चंद्रा अध्यक्ष, कमल किशोर पटेल उपाध्यक्ष, जिला पंचायत - सक्ती एवं टिकेश्वर सिंह गबेल जिलाध्यक्ष भाजपा जिला सक्ती होंगे। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी बासु जैन ने सभी से उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

### वित्तीय वर्ष को लेकर अवकाश के दिनों में भी होगी रजिस्ट्री

**जांजगीर-चांपा।** जमीन खरीदी बिक्री रजिस्ट्री कार्य मार्च महीने के अवकाश के समय में भी किया जाएगा रजिस्ट्री कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार 22 मार्च शनिवार 28 मार्च रविवार 29 मार्च एवं मंगलवार 31 मार्च महावीर जयंती होने के बावजूद रजिस्ट्री कार्यालय खुला रहेगा, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग अपने जरूरत के हिसाब से जमीन खरीदी बिक्री रजिस्ट्री करा सके। उक्त जानकारी जिला पंजीयक चित्रसेन पटेल ने दी है।

### वीडियो चैलेंज, क्विज व लोगो डिजाइन प्रतियोगिता आज

**जांजगीर-चांपा।** ग्रामीण विकास और आजीविका से जोड़ने हेतु माय भारत पोर्टल के साथ मिलकर एक राष्ट्रव्यापी डिजिटल अभियान विकसित भारत जी राम जी युवा डिजिटल अभियान की शुरुआत की गई है। इसके माध्यम से युवा वीडियो चैलेंज, क्विज और रचनात्मक प्रतियोगिताओं में भाग लेकर डिजिटल जनआंदोलन से जुड़ सकेंगे। इस प्रतियोगिता में भाग लेने की अंतिम तिथि 20 मार्च निर्धारित की गई है। प्रतियोगिता के माध्यम से देश के नागरिकों को रचनात्मक एवं नवाचार पूर्ण डिजाइन प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा।

### किकिरदा में अखंड राम नाम सप्ताह आज से

**जांजगीर-चांपा।** ग्राम पंचायत किकिरदा के अटल चौक में अखंड राम नाम जप सप्ताह महायज्ञ का आयोजन 20 मार्च शुक्रवार को शुभारंभ किया जाएगा। इस संबंध में अखंड राम नाम सप्ताह महायज्ञ समिति किकिरदा के सचिव संतोष कुमार आदित्य ने बताया कि इस वर्ष श्री अखंड राम नाम सप्ताह महायज्ञ कार्यक्रम का अध्यक्ष परसराम आदित्य को बनाया गया है। जिसका आयोजन 20 मार्च को शुभारंभ किया जाएगा। आचार्य पंडित विजय कुमार गुरुद्वान होंगे। अखंड राम नाम सप्ताह महायज्ञ का समापन 27 मार्च दिन शुक्रवार को हवन के साथ होगा। चढ़ोतरी एवं सहस्त्रधारा का कार्यक्रम 28 मार्च दिन शनिवार को किया जाएगा। अखंड राम नाम सप्ताह महायज्ञ में फाइनल प्रतियोगिता का आयोजन 27 मार्च को रात्रि 8 बजे से रखा गया है। आयोजन को लेकर अखंड राम नाम सप्ताह महायज्ञ समिति अटल चौक किकिरदा के सदस्य एवं पदाधिकारी तैयारियां पूरी हो चुकी है।

## जमीन विवाद पर दिया वारदात को अंजाम, जैजैपुर क्षेत्र की घटना


# दिव्यांग शिक्षक की हत्या कर बाड़ी में जला दी लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जैजैपुर

सक्ती जिले के जैजैपुर ब्लॉक अंतर्गत जर्वे गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक व्यक्ति ने दिव्यांग शिक्षक की बेरहमी से हत्या कर थे और शव को ट्राईसिकल समेत जला दिया। सूचना पर पुलिस की टीम पहुंची और जले हुए लाश की सोनाक्षी करके पंचनामा पोस्टमार्टम करवाया। पुलिस ने हत्या का अपराध कायम किया है आरोपी की गिरफ्तारी अभी नहीं हो पाई है। घटना का कारण जमीन खरीदी बिक्री का विवाद बताया जा रहा है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जैजैपुर थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत जर्वे में शिक्षक देवानंद भारद्वाज पिता अवध राम भारद्वाज उम्र 42 वर्ष का गाँव के ही टिमन मनहर से जमीन संबंधी कुछ विवाद चल रहा था। बताया जाता है की घटना दिनांक 18 मार्च बुधवार को शाम करीब 5:00 बजे विनोद खांडे के पान दुकान के पास शिक्षक देवानंद भारद्वाज एवं आरोपी टिमन मनहर के बीच जमीन खरीद बिक्री को लेकर विवाद हुआ। शिक्षक भारद्वाज ने कहा कि तुमने 1 साल के अंदर जमीन की रजिस्ट्री कराने की बात कही थी, परंतु तुम हमेशा टालते आ रहे हो, जमीन का बिक्रीनामा मेरे पास है, और तुम मुझसे 7लाख भी ले चुके हो, अगर रजिस्ट्री नहीं करना है तो मेरे से ली गई राशि वापस करो। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद बढ़ गया। इस दौरान आरोपी टिमन ने घातक हथियार से शिक्षक भारद्वाज पर पीछे से गर्दन पर कई वार कर दिए, जिससे देवानंद की मौके पर ही मौत हो गई। इसके पश्चात आरोपी ट्राईसिकल ढूलाते हुए मृत शिक्षक देवानंद के शव को अपने ही बड़ी में ले गया और आग के हवाले कर दिया। शाम के समय बड़ी में जलती लाश का कुछ लोगों ने वीडियो भी बनाया और घटना की सूचना सरपंच द्वारा थाने को दी गई। जिस पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। कुछ ही देर में एडिशनल एसपी, एस डी ओपी भी पहुंच गए। पुलिस ने फोरेंसिक टीम को भी बुलाया,जिन्होंने अपने स्तर पर जांच प्रक्रिया पूरी की। दूसरे दिन गुरुवार 19 मार्च को 100 का पोस्टमार्टम कराया गया। मामले मेंपुलिस ने आरोपी टिमन लाल मनहर के खिलाफ हत्या का अपराध कायम किया है, आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।इस हत्याकांड से गांव में दहशत का माहौल व्याप्त है।शिक्षक देवानंद भारद्वाज दोनों पैर से विकलांग थे। परिजनों ने बताया कि मृतक देवांगन एवं आरोपी टिमन लाल मनहर के बीच में जमीन एवं लेनदेन का विवाद था।





जलने के बाद पड़ा दिव्यांग शिक्षक का शव तथा निकलती आग की लपटें।

### पत्नी से अनबन, बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

दिव्यांग शिक्षक देवानंद भारद्वाज के दो बच्चे हैं। 10 वर्ष की बेटी डिंपल और 4 वर्ष का बेटा दिव्यांश। जबकि अनबन के चलतेउसकी पत्नी 3-4 वर्ष पहले ही देवानंद को छोड़कर अपने मायके रानीगांव में रहती हैं। बच्चों का देखभाल उसके पिता देवानंद किया करते थे। वर्तमान में बच्चों का देखभाल कौन करेगा या बड़ा प्रश्न है।

### कर रहे पतासाजी

जमीन खरीदी बिक्री को लेकर दिव्यांग शिक्षक और आरोपी के बीच विवाद हुआ। इसी पर से उसने धारदार हथियार से वार करके हत्या की और शव को बाड़ी में ले जाकर जला दिया। मामला दर्ज किए है फरार आरोपी की सरगर्मी से तलाश चल रही है। टीम भी गठित किए है।

-प्रफुल्ल ठाकुर,
एसपी, जिला सक्ती

# देवी मंदिरों में घट स्थापना के साथ जगमगा उठे आस्था के ज्योत

## शक्ति उपासना का पर्व चैत्र नवरात्रि प्रारंभ, नौ दिनों तक चलेगा माता सेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

शक्ति उपासना का पर्व चैत्र नवरात्रि का शुभारंभ गुरूवार को घट स्थापना व मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित करने के साथ भक्तिमय वातावरण में हुआ। विभिन्न मंदिरों में जवारा भी बोया गया। साथ ही शाम से ही मृदंग के थापों के साथ माता सेवा (जसगीत) का गायन भी प्रारंभ हुआ।

अंचल में बासंती नवरात्रि गुरूवार 19 मार्च को शुभ मुहुर्त में घट स्थापना एवं मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलन के साथ प्रारंभ हुई। इसके साथ ही देवी दुर्गा की उपासना का पर्व प्रारंभ हो गया है। आगामी 27 मार्च तक अंचल देवी दुर्गा की आराधना में डूबा रहेगा। जिले के सभी देवी मंदिरों में घट स्थापना के साथ ही आस्था की ज्योत जलाई गई। जांजगीर स्थित मां शारदा मंदिर, काली मंदिर, देवी दाई मंदिर में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किये गये है। समीस्थ ग्राम खोखरा की मां मनकादाई मंदिर, देवांगनाारा स्थित प्राचीन मां सम्लेश्वरी मंदिर, रहसबेड़ा स्थित मां अष्टभुजी मंदिर, पुराना कॉलेज रोड स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर, रामाबांधा तालाब के उत्तरी ओर पर स्थित मां महामाया सम्लाई मंदिर, मां संतोषी मंदिर सहित अनेक देवी मंदिरों में भी श्रद्धालुओं द्वारा मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित कराए गए हैं। हां सुबह घट स्थापना के लिए कलश यात्रा निकली तथा महानदी से जल लेकर कलश यात्रा मंदिर पहुंची, जहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना उपरांत ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए। इसी तरह अन्नपूर्णा मंदिर शिवरीनारायण, मां चण्डी मंदिर केरा, मदनपुर गढ़ स्थित मनकादाई, हरदी की महामाया देवी, सलखन और नवागढ़ स्थित चण्डी मंदिर, पहरिया की अन्नधरी देवी, अड़भार की अष्टभुजी देवी, घाठाद्वारी की त्रिपुर सुंदरी, सरई सिंगार देवी मंदिर, खरौद की मनकादाई, कंकालिन देवी, महामाया देवी और शबरी मंदिर, बनारी के मनकादाई आदि देवी मंदिरों में आज घट स्थापना के साथ ही मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किये गये तथा मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना की गई। नवरात्रि के पहले दिन से ही अंचल का वातावरण श्रद्धा और भक्तिभाव से परिपूर्ण हो गया है। अनेक श्रद्धालुओं ने नवरात्रि पर्व पर आज से नौ दिनों तक का उपवास शुरू कर दिया हैं। जगह-जगह देवी भागवत, माता सेवा गीत, कीर्तन, भजन आदि प्रारंभ हो गये है। देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ लगनी शुरू हो गयी है। पर्व को लेकर देवी भक्तों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। नवरात्रि पर्व पर व्रत रखने वालों में महिलाओं की संख्या ज्यादा है।



### सात समुंदर पार एक महिला प्रज्जवलित करा रही दीप

जिला मुख्यालय से करीब 15 किमी दूर मां महामाया की नगरी हरदी में मनोकामना दीप प्रज्जवलित किए जा रहे है। इसी कड़ी में ग्राम हरदी निवासी देवांगन परिवार की एक महिला जो वर्तमान समय में आस्ट्रेलिया में निवास कर रही है। उनके द्वारा भी मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित करा रही है। नवरात्रि पर्व पर जांजगीर चांपा जिले के मां महामाया मंदिर हरदी में 1732, मां मनका दाई मंदिर खोखरा में 3216, इसी प्रकार सक्ती जिले के ऐतिहासिक मंदिर मां चंद्राहासिनी मंदिर चंद्रपुर में 3800 एवं अष्टभुजी मंदिर अडभार में 1717 मनोकामना ज्योति कलश चैत्र नवरात्रि पर प्रज्जवलित किए जा रहे है।

## पानी छोड़ने के पखवाड़े भर बाद भी तालाब भरने नहीं दे रहे ध्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

तालाब भरने के साथ साथ निस्तारी कार्य को लेकर मालखरौदा क्षेत्र में पखवाडे भर पहले नहरों में पानी छोड़ा गया था, लेकिन पखवाड़े भर बीत जाने के बाद भी अफसर तालाबों को भरने कोई पहल नहीं कर रहे है।

ज्ञात हो कि जिला प्रशासन द्वारा 2 से 12 मार्च तक नहर के पानी से तालाबों, एनीकेट, स्टाप डेम को भरने के लिए बाये तट नहर से पानी छोड़ा है। पानी छोड़े 15 दिन हो गए हैं लेकिन मजेदार बात यह है कि 15 दिन बाद भी मालखरौदा के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अधिकारी को कितने तालाब भरे कितने एनिकेट भरे, कितने स्टाफ डेम भरे इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है। स्थिति यह है कि पानी छोडे जाने के पखवाडे भर बाद भी मालखरौदा क्षेत्र के अधिकांश तालाब, स्टाप डेम एवं नालों में पानी की समुचित व्यवस्था नहीं बन पाई है। वहीं गर्मी के दिनों में मवेशियों को भी पीने की पानी की समस्या हो रही है। पिछले 2 साल से एसडीएम कार्यालय बनने के बाद भी यह सब यहां दिखाई ही नहीं दे रहा है कि वास्तव में तलाब भर रहा है की पानी का उपयोग किसान खेतों की सिंचाई के लिए कर रहे हैं, ऐसे में सवाल उठना लाजिमी है कि जब ब्लॉक स्तर के अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय को इन सब के बारे में जानकारी नहीं है तो अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय ब्लॉक मुख्यालय में खोलने का क्या औचित्य है। ब्लॉक अंतर्गत बोराई नदी में दर्जन पर एनीकेट डिक्सी से मुड़पार तक बना है। इसी प्रकार सपनई नाला में दर्जन भर से अधिक स्टॉप डैम बना हुआ है तो बागान नाल में स्टाप डेम और एनिकेट बना हुआ है जहां पानी स्टोर करके क्षेत्र की वाटर लेवल कोः गर्मी में बढ़ाया जा सकता है। वर्तमान में 81 ग्राम पंचायत में जो प्रधानमंत्री जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन बिछाया गया है दो चार गांव को छोड़ दे तो अधिकांश गांव में पानी की समस्या बनी हुई है। इस संबंध में मालखरौदा के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रूपेन्द्र पटेल का कहना है कि जानकारी जनपद पंचायत और जल संसाधन विभाग के अधिकारियों से जानकारी ले लीजिए। जानकारी वे दे सकते है।

## फर्जीवाड़ा कर सरकारी योजना का लाभ लेने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

फर्जीवाड़ा कर सरकारी योजना का लाभ लेने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक एवं दिव्यांग सहायता योजना मे फर्जी दस्तावेज के माध्यम से एक लाख रुपये सहायता राशि ली गई थी। बिर्रा पुलिस ने मामले मे मुख्य आरोपी मृतिका के पति को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं फरार ग्राम पंचायत सचिव अन्य आरोपियों की तलाश मे जुटी है।

गौरतलब है कि बिर्रा मे श्रम विभाग कि मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना में फर्जीवाड़ा के की शिकायत कलेक्टर और एसपी से हुई थी। शिकायत की जांच में यह बात सामने आई कि बिर्रा गांव के सुमन बाई की मौत के बाद उसके पति अशोक पटेल ने कुछ लोगों के साथ मिलीभगत कर जालसाजी करते हुए मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना का लाभ लेने के लिए मृत पत्नी को जीवित बता कर पंजीयन कराया और फिर से मृत घोषित कर एक लाख रुपये सहायता राशि निकाल ली। प्राथमिक जांच के बाद मृतिका के पति अशोक पटेल और सचिव रोहित पटेल के खिलाफ धारा 318(4)और 3(5) के तहत बिर्रा थाना मे रिपोर्ट दर्ज की गई। बिर्रा पुलिस ने आरोपी अशोक पटेल को गिरफ्तार किया है। उसके मोबाईल फोन को जप्त कर लिया गया है। वही फरार ग्राम पंचायत सचिव रोहित पटेल की तलाश की जा रही है। साथ ही मामले में शामिल अन्य आरोपियों की पतासाजी करने पुलिस जांच में जुटी है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

## शासकीय कार्य में बाधा एवं संपत्ति नुकसान करने वाला आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**जांजगीर-चांपा।** शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने के साथ दस्तावेज को नुकसान पहुंचाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। मामला तहसील कार्यालय अकलतरा का है।

■ अकलतरा तहसील का मामला, लोक संपत्ति अधिनियम के तहत कार्रवाई

इस संबंध में अकलतरा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 13 मार्च को को दोपहर लगभग 3:30 बजे ग्राम खपरीडीह निवासी आरोपी जीवराखन मिरी मोटरसाइकिल से तहसील कार्यालय अकलतरा पहुंचा। आरोपी शराब के नशे में था तथा मुख्य द्वार पर वाहन खड़ा कर गाली - गलौज करते हुए कार्यालय के भीतर प्रवेश कर गया। आरोपी ने कार्यालय में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए जान से मारने की धमकी दी तथा महत्वपूर्ण दस्तावेजों को फाड़ दिया। साथ ही, कार्यालय में स्थापित सोलर पैनल के तारों को खींचकर तोड़ दिया, जिससे शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचा और कार्य में बाधा उत्पन्न हुई। थाना अकलतरा पुलिस द्वारा रिपोर्ट पर तत्काल अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। जांच के दौरान आरोपी के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने पर उसे गिरफ्तार किया गया। घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को जप्त कर आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। उक्त कार्यवाही में

## सीएमएचओ ने अवैध क्लीनिक पर कसा शिकंजा, झोलाछाप डॉक्टर के दस्तावेज की जांच

**सक्ती।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला सक्ती द्वारा 19 मार्च गुरुवार जिले में अवैध रूप से संचालित क्लीनिक एवं बिना पंजीयन मरीजों का उपचार करने वाले झोलाछाप डॉक्टरों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई लगातार जारी है। यह कार्रवाई जिला प्रशासन के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पूजा अग्रवाल के निर्देश पर की जा रही है।

स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा तहसील स्तर पर औचक निरीक्षण कर विभिन्न क्षेत्रों में जांच की गई। इस दौरान जैजैपुर विकासखंड के अंतर्गत लगभग 15-20 किमी दूर स्थित एक ग्राम में बिना मान्यता प्राप्त चिकित्सक द्वारा मरीजों का उपचार किए जाने का मामला सामने आया। टीम ने मौके पर संबंधित व्यक्ति को इलाज करते हुए पाया, जिसके बाद तत्काल क्लीनिक बंद कराया गया तथा आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की गई। जांच के दौरान यह भी पाया गया कि संबंधित व्यक्ति बिना किसी वैध डिग्री एवं पंजीयन के लंबे समय से चिकित्सकीय कार्य कर रहा था। विभाग की टीम ने मौके पर कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से संचालित चिकित्सा गतिविधियों को तत्काल बंद कराया। सीएमएचओ डॉ. पूजा अग्रवाल ने बताया कि अवैध क्लीनिक संचालन एवं झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

### भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान में कार्यों की गुणवत्ता का लिया जायजा

## हनुमान धारा में साफ सफाई पर कलेक्टर ने जताई नाराजगी, लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

हनुमान धारा एवं भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान चांपा का कलेक्टर ने निरीक्षण किया। इस बीच हनुमान धारा में साफ सफाई व्यवस्था पर नाराजगी जाहिर की और संबंधितों को जमकर फटकार लगाई।

ज्ञात हो कि गुरूवार 19 मार्च को कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने आज चांपा के हनुमान धारा एवं भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने हनुमान धारा में साफ-सफाई पर नाराजगी व्यक्त किया एवं नियमित साफ-सफाई करने के निर्देश दिए तथा प्रस्तावित निर्माण कार्यों को शीघ्र प्रारंभ करने के कड़े निर्देश अधिकारियों एवं ठेकेदार को दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों से चर्चा करते हुए चांपा क्षेत्र में पेयजल समस्या के स्थायी समाधान हेतु कुदरी बैराज से जलापूर्ति प्रोजेक्ट तैयार कर शासन को प्रेषित करने कहा। उन्होंने इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने राम बांधा तालाब की साफ-सफाई, जलकुंभी हटाने एवं आसपास के क्षेत्र के समग्र विकास के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही कलेक्टर ने चांपा नगर में स्वच्छता अभियान चलाने, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था को प्रभावी बनाने तथा नागरिकों की सहभागिता बढ़ाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान चांपा में निर्माणाधीन कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर नगर पालिका चांपा अध्यक्ष प्रदीप नामदेव, जनप्रतिनिधि, संबंधित अधिकारी - कर्मचारी उपस्थित थे।



हनुमान धारा का निरीक्षण करने पहुंचे कलेक्टर।

## गौ सेवकों ने कुंए में गिरे मवेशी को निकाला



राहौद। समीपस्थ ग्राम पंचायत बिलारी के गहरे कुआं में गिरे मवेशी को गौ सेवको ने रेस्क्यू कर सुरक्षित बाहर निकाला है।

गौ सेवक मुकेश कश्यप, तुलेश्वर एवं उनकी टीम ने बिना किसी भय के कुएं के अंदर उतरकर लगभग 2 घंटे तक लगातार रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। कड़ी मेहनत और साहस के बाद नंदी महाराज को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।इस अभियान में साहिल यादव, तेजश साहू, अनिकेत साहू सहित अन्य गौ सेवकों के निर्देशन और मार्गदर्शन में पूरी टीम ने मिलकर कार्य किया।

## खबर संक्षेप



### प्राथमिक शाला भवन का निर्माण चढ़ा भ्रष्टाचार की भेंट

**मड़वारानी।** करतला जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत सेन्द्रीपाली में प्राथमिक शाला भवन का निर्माण कार्य सवालों के घेरे में है। दरअसल इस कार्य के लिए जिला खनिज न्यास मद से सत्र 2024 - 25 में 15 लाख 65 हजार रूपये स्वीकृति हुई जिसमें से कुल 80 प्रतिशत राशि 12 लाख 52 हजार रुपये का आहरण हो चुका है लेकिन आज तक प्राथमिक शाला का भवन निर्माण पूरा नही हुआ है। इस कार्य के लिए सरपंच सचिव द्वारा अक्टूबर 2024 में प्रथम क़्रिस्त निकालकर भवन निर्माण प्रारंभ किया गया और उसके बाद दूसरे क़्रिस्त को भी जनवरी 2025 में निकाल लिया गया और आज पर्यन्त तक प्राथमिक शाला भवन का लेन्टर ढलाई तक का कार्य पूर्ण नहीं हुआ है जबकि दूसरे क़्रिस्त निकले हुए आज एक वर्ष से अधिक हो गए। सेनद्रिपाली सरपंच व सचिव के द्वारा मनमाने ढंग से किये गए कार्य की जिला व जनपद में बैठे अधिकारियो के द्वारा सतत निरीक्षण व समीक्षा नहीं किया गया वरना आज तक कार्य पूर्ण होता या फिर निर्माण एजेंसी पर अनियमितता बरतने पर कार्यवाही किया जाता लेकिन अधिकारियों की इस निष्क्रियता के कारण प्राथमिक शाला भवन निर्माण आज तक लटका हुआ है। एक तरफ तो जिला कलेक्टर द्वारा पूर्व में स्वीकृत कार्यों को समय मे पूरा करने के लगातार निर्देश दिए जा रहे हैं उसके बावजूद सरपंच व सचिव साल भर प्राथमिक शाला भवन निर्माण का पैसा निकालकर रखे हुए हैं और निर्माण अधर में लटका हुआ है।

### मच्छरों से निपटने करायें दवाओं का छिड़काव : आयुक्त

**कोरबा।** निगम आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि मच्छरों से निपटने हेतु सघन रूप से पर्याप्त मात्रा में दवाओं का छिड़काव करायें,वहीं नालियों के स्लेब हटाकर सतह से सफाई कार्य सुनिश्चित करें, जिन नालियों के स्लेब जीर्ण-शीर्ण हो चुके हैं, वहां पर नये स्लेब लगवायें। उन्होंने कहा कि डोर-टू-डोर अपशिष्ठ संग्रहण के दौरान कचरे का शतप्रतिशत स्त्रोत पृथकीकरण किया जाये यह सुनिश्चित करें, साथ ही स्थल पर पृथकीकरण किये गये कचरे के उचित संधारण हेतु निर्धारित कलर के थैले स्वच्छता दीदियों को उपलब्ध करायें। आयुक्त श्री पाण्डेय ने पथरीपारा बस्ती में बड़ा नाला का निर्माण कराये जाने हेतु तत्काल प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिये। स्वच्छता का महाअभियान के चैदहवें दिन बुधवार को वार्ड क्र. 20 एवं वार्ड क्र. 30 में मेगा स्वच्छता ड्राईव चलाया गया। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने उक्त दोनों वार्डों की विभिन्न बस्तियों व मोहल्लों में पैदल भ्रमण करते साफ-सफाई कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि मच्छरों से निपटने हेतु सघन रूप से पर्याप्त मात्रा में दवाओं का छिड़काव करायें,वहीं नालियों के स्लेब हटाकर सतह से सफाई कार्य सुनिश्चित करें।

### मैत्री व्हाट्सएप मोबाइल नंबर जारी होने से मिल रहा लाभ

**कोरबा।** महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा प्रदान करना और उनके लिए सुरक्षित वातावरण तैयार करना अत्यंत आवश्यक है। कई बार उत्पीड़न की घटनाओं में पीड़िताएँ लोक-लज्जा एवं झिझक के कारण थाना या चौकी जाकर शिकायत करने में संकोच करती हैं, जिससे ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति की आशंका बनी रहती है। इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए जिला पुलिस कोरबा ने महिलाओं एवं बालिकाओं को बिना थाना पहुँचे ही तत्काल सहायता प्रदान करने और आरोपियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सजग कोरबा- सतर्क कोरबा अभियान के तहत मैत्री व्हाट्सएप हेल्पलाइन 9479282100 प्रारंभ की है।

# गर्मी में पहाड़ी क्षेत्रों में नीचे जा रहा भूजल स्तर, 20 मीटर में मिल रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

गर्मी के मौसम में भूजल के नीचे जाने का सिलसिला बीते कुछ वर्षों में तेजी से बढ़ा है। पहाड़ी क्षेत्रों में खुदाई के दौरान 20 मीटर में पानी मिलता है शहरी क्षेत्रों में भी यही स्थिति निर्मित हो चुकी है। हालांकि शहरी क्षेत्र की आबादी जल आवर्धन योजना के भरोसे है लेकिन गली मोहल्लों में खोदे गए नलकूप गर्मी के जवाब दे जाते हैं।

शहर से 10 किलोमीटर परिधि के अंदर के क्षेत्रों में जलस्तर की स्थिति आज से कुछ वर्ष पहले औसत हुआ करती थी ऐसे क्षेत्र नकटीखार, झगरहा, कुदरीखार, बरबसपुर, भूलसीडीह, डूमरडीह, रिसदी, दादर, ढेलवाडीह आदि शामिल हैं। आज इन क्षेत्रों में भी जलस्तर तेजी से नीचे जा रहा है। जहां कभी पानी की कमी नहीं होने से सब्जी बाड़ी की खेती बड़े पैमाने पर हुआ करती थी। आज इन क्षेत्रों में जब भी नलकूप खनन की खुदाई होती है 100 फूट से नीचे जाकर ही पानी मिल पाता है। पहाड़ी क्षेत्र वनांचल होने के बावजूद वहां का जलस्तर भी सामान्य दिनों में भी नीचे है।

## मई महीने में जलस्तर मापने का चलता है अभियान

**खास बातें**

- शहरी क्षेत्र में जल आवर्धन योजना के भरोसे है आबादी
- शहर के आसपास भी बनी है समस्या



**जलस्तर जाता है नीचे**

खदान क्षेत्रों में जलस्तर नीचे जा रहा है। अन्य क्षेत्रों मे जलस्तर 16 से 20 मीटर के बीच है। हालांकि यह औसत है लेकिन गर्मी के दिनों में पहाड़ी क्षेत्रों में जलस्तर नीचे चला जाता है। मई महीने में भूजल स्तर मापने का काम विभाग के द्वारा किया जाता है।

-रमन उरांव,
कार्यपालन अभियंता, पीएचई

## कुदुरमाल उरगा भी संवेदनशील

हसदेव नदी किनारे बसे कुदुरमाल जैसे गांव में भी पानी का जलस्तर औसत से नीचे है। हसदेव नदी में बने एनीकट बाद भी आसपास के क्षेत्रों का जलस्तर ऊपर नहीं होने के कारण यहां सोलर पंप के भरोसे पानी की व्यवस्था करने का कार्य लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के द्वारा किया गया है। कुदुरमाल एनीकट से पाइप लाइन बिछाकर गांव में पानी सप्लाई की योजना पर भी काम नहीं हो सका है। यहां कुआं और हैंडपंप का जलस्तर भी नीचे चला जाता है। उरगा क्षेत्र में भी जलस्तर नीचे होने के कारण हाउसिंग बोर्ड के कालोनी में पानी सप्लाई के लिए डोमनाला में एनीकट बनाने का प्रस्ताव ठण्डे बस्ते में चला गया है।

### मुनगाडीह जल आवर्धन योजना भी स्वरुप नहीं ले सकी

पाली नगर पंचायत की पेयजल समस्या के लिए मुनगाडीह नाले से पानी की सप्लाई नगरीय क्षेत्र में किया जाना था। 8 करोड़ की लागत से तैयार इस योजना के तहत पाइप लाइन बिछाने का कार्य वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का काम पूर्ण हो जाने के बाद भी गर्मियों में पानी की सप्लाई इसलिए भी नहीं हो पाती कि जहां मुनगाडीह एनीकट बनाया गया है गर्मी समय में वहां पानी रहता।

## पाली थाना क्षेत्र के दीपका पाली मुख्यमार्ग के ग्राम नुनेरा के समीप हुआ हादसा

# तेज रफ्तार ट्रेलर पलटा, सड़क किनारे खड़े चाचा, भतीजा सहित तीन की मौत, चक्काजाम



घटना स्थल पर पलटी ट्रेलर वाहन।



मौके पर उपस्थित ग्रामीणों की भीड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दीपक खदान से कोयला लोडकर पाली की ओर जा रहा एक के तेज रफ्तार ट्रेलर नुनेरा हाई स्कूल के पास अचानक नियंत्रित होकर पटल गया। वहीं सड़क के किनारे खड़े बाइक सवार तीन युवकों को ट्रेलर ने अपनी जद में ले लिया और तीनों युवक ट्रेलर में दब गये जिससे तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के होते ही स्थानीय ग्रामीणों का आक्रोश फुट पड़ा और ग्रामीणों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर दीपिका पाली मुख्यमार्ग में चक्काजाम कर दिया। घंटों चले चक्काजाम के दौरान जिला प्रशासन और पुलिस के अधिकारी दलबल सहित मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाइश दी जिसके बाद ग्रामीणों की आपसी सहमति के बाद चक्काजाम समाप्त हुआ तब जाकर सड़क बहाल हो पाई।

**खास बात**

- काम की तलाशं बाइक सवार युवक जा रहे थे दीपका की ओर साथियों का नुनेरा के पास कर रहे थे इंतजार

मामला पाली थाना क्षेत्र का है। ग्राम पोटापानी निवासी ओम प्रकाश उम्र 30 साल पिता मंगलू जगत, बृजपाल सिंह मरावी उम्र 30 साल पिता सहदेव मरावी, मंगल सिंह मरावी उम्र 50 साल पिता सुखनाथ सिंह बुधवार की सुबह अपने गांव से मोटर साइकिल में सवार होकर तीनों काम में जाने के लिए दीपका की ओर रवाना हुए थे कि सुबह लगभग 9 बजे दीपका पाली मुख्यमार्ग के ग्राम नुनेरा हाई स्कूल के समीप पहुंचे थे कि पीछे से दूसरे बाइक में आ रहे साथियों का खड़े होकर इंतजार कर रहे थे कि इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे ट्रेलर क्रमांक सीजी 12 बीजी 5022 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए नुनेरा हाई स्कूल के समीप पलट गई और सड़क के किनारे खड़े ओमप्रकाश, ब्रिजपाल, मंगल मरावी ट्रेलर की जद में आ गए और तीनों की दब जाने से मौके पर ही मौत हो गई। बताया जाता है कि बृजपाल और मंगल मरावी आपस में रिश्ते के चाचा भतीजे हैं। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे उन्होंने स्थिति को नियंत्रित किया और शवों को पंचनामे के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे से गुस्साए ग्राम पोटापानी और आसपास के ग्रामीणों ने दीपका-पाली मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन भारी वाहनों की बेलगाम रफ्तार को नियंत्रित करने में विफल रहा है, जिसके कारण निर्दोष लोगों की जान जा रही है। चक्काजाम की वजह से मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग गई हैं। घंटों चले चक्काजाम के बाद प्रशासन व पुलिस की ओर से ग्रामीणों को समझाइश दी गई और आर्थिक सहायता की राशि प्रदान की गई। जिसके बाद मामला शांत हुआ।

## चलती बाइक से गिरी महिला, इलाज के दौरान मौत

एक पुत्र अपनी मां को मोटरसाइकिल में बैठाकर कुसमुंडा अपने रिश्तेदार के घर आया था। जहां से कम निपटाकर दोनों पुत्र व मां वापस अपने गृहग्राम लौट रहे थे कि इस दौरान बीच रास्ते में उसकी बाइक नियंत्रित हो गई और बाइक में सवार महिला नीचे सड़क पर गिर गई। गिरने से महिला को गंभीर चोट लगने से उसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया। जहां इलाज के दौरान तो उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार पड़ोसी जिला जांजगीर चांपा के जैजैपुर निवासी फूलबाई 49 वर्ष पति राम कुमार सतनामी अपने पुत्र लखन के साथ अपने मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 12 एच 6400 में एक में सवार होकर मंगलवार को कुसमुंडा अपने रिश्तेदार के घर आई हुई थी जहां शाम को कुसमुंडा से वापस दोनों पुत्र लखन और उसकी मां फूलबाई लौट रहे थे कि इसी दौरान बीच रास्ते में बाइक अनियंत्रित हो गई और बाइक से महिला गिर गई थी, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया था जहां उपचार के दौरान मौत हो गई।

# एसईसीएल दीपका खदान में श्रमिक की मौत, श्रमिकों ने जमकर किया प्रदर्शन



प्रदर्शन करते श्रमिक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



मृतक जीवराखन

एसईसीएल दीपका खदान में मंगलवार की रात दर्दनाक हादसा सामने आया है। जहां कलिंगा कंपनी में कार्यरत एक श्रमिक की ड्यूटी के दौरान मौत हो गई। इस घटना के बाद बुधवार की सुबह से ही मृतक के परिजनों और साथी ड्राइवरों ने कलिंगा कंपनी के मुख्य द्वार को जाम कर दिया था और खदान का काम ठप्प कर दिया था। बाद में अधिकारियों के आश्वासन के बाद मामला शांत हुआ।

**खास बात**

- कलिंगा कंपनी का मामला, आश्वासन के बद समाप्त हुआ प्रदर्शन

जानकारी के अनुसार ग्राम अण्डीकछार निवासी जीवराखन जांगड़े 32 वर्ष कलिंगा कंपनी में कार्यरत था। मंगलवार रात लगभग 9:30 बजे दूसरी पाली के दौरान उसने अपनी चलती गाड़ी किनारे खड़ी की और नीचे उतरा जिसके बाद वह गश खाकर गिर पड़ा। मौके पर मौजूद अन्य ड्राइवरों ने जब उनकी जांच की तो उनकी सांसें चल रही थीं लेकिन हालत अत्यंत गंभीर थी। कंपनी प्रबंधन को सूचना मिलने के बाद उन्हें आनन-फानन में एनसीएच अस्पताल ले जाया जा रहा था लेकिन अस्पताल पहुँचने से पहले ही रास्ते में उन्होंने दम तोड़ दिया। जिसके बाद स्थानीय मजदूरों का आक्रोश फूट पड़ा था और काम ठप्प कर दिया था। प्रदर्शन कर रहे कर्मियों की मांग थी कि मृतक के परिवार को उचित आर्थिक मुआवजा।

## केंद्रीय विद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**कोरबा।** केंद्रीय विद्यालय संगठन (मुख्यालय), नई दिल्ली द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा-1, बालवाटिका और अन्य उच्च कक्षाओं में प्रवेश हेतु आधिकारिक अधिसूचना जारी कर दी गई है। कक्षा-1 और बालवाटिका-1, 2 एवं 3 (चयनित विद्यालयों में) के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया 20 मार्च को प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होगी और 2 अप्रैल तक जारी रहेगी। इच्छुक अभिभावक आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। केंद्रीय विद्यालय क्रमांक दो एनटीपीसी के प्राचार्य सुनील कुमार साहू से प्राप्त जानकारी के अनुसार केंद्रीय विद्यालय संगठन द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा-1, बालवाटिका और अन्य उच्च कक्षाओं में प्रवेश हेतु आधिकारिक अधिसूचना जारी कर दी गई है। प्रवेष के लिए आयु की गणना 31 मार्च के आधार पर की जाएगी। कक्षा-1 में प्रवेश के लिए बच्चे की न्यूनतम आयु 6 वर्ष होनी अनिवार्य है। इसी प्रकार, बालवाटिका-1 के लिए आयु 3 से 4 वर्ष, बालवाटिका-2 के लिए 4 से 5 वर्ष और बालवाटिका-3 के लिए 5 से 6 वर्ष के बीच होनी चाहिए। सीटों का आरक्षण केवीएस के प्रवेश दिशा-निर्देशों 2026-27 के अनुसार सुनिश्चित किया जाएगा।

## अनुपस्थिति प्रधान पाठक और सहायक शिक्षक निलंबित

**बलरामपुर।** अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने वाली प्रधान पाठक और सहायक शिक्षक को निलंबित किया गया है। बता दें कि डीईओ ने वाड्रफनगर के शासकीय उमावि गैना का आकस्मिक निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान सहायक शिक्षक खितेश कुमार पटेल 25 व 26 फरवरी को बिना किसी पूर्व सूचना और सक्षम अधिकारी की अनुमति के अनधिकृत रूप से अनुपस्थित पाए गए। इसके साथ ही स्कूल की प्रधान पाठक श्रीमती अनिता पटेल बिना पूर्व अनुमति के विद्यालय में अनुपस्थित पाई गई।

# बारिश से तापमान में आई गिरावट, गर्मी से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




बारिश होने के बाद सड़क का नजारा।

मौसम में कुछ दिनों से आ रहे बदलाव के कारण तापमान में गिरावट आने से लोगों को मार्च महीने में पड़ रही तेज गर्मी से राहत मिली है। दो दिन पूर्व शहर और उपनगरीय क्षेत्रों सहित ग्रामीण अंचलों में तेज बारिश हुई तो कुछ स्थानों में ओले गिरने की घटना हुई है। मौसम विभाग ने बदलाव को लेकर अलर्ट भी जारी किया है। इसमें तेज आंधी की संभावनाएं जताई गई है।

अंचल में तेज गर्मी ने मार्च महीने से ही दस्तक दे दी है। तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच चुका था। दिन भर तेज धूप और गर्मी होने के साथ रात को हल्की ठण्ड महसूस होती थी। बीते रविवार रात से तेज आंधी के साथ बारिश और ओले गिरने के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई इससे आम लोगों को दोपहर की तेज गर्मी से राहत मिली है। इसके अलावा बेमौसम बारिश के कारण खरीदी केंद्रों में रखे हुए धान के भीगने का खतरा बढ़ गया है। मौसम विभाग ने कई राज्यों में बारिश को लेकर भी अलर्ट जारी किया है। बता दें कि मौसम विभाग ने 19 मार्च से लेकर 22 मार्च तक के लिए देश के 21 राज्यों में बारिश-तूफान का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान लोगों को सतर्क रहने के निर्देश दिया है। इसके साथ ही बिजली गिरने और तेज हवाएं चलने के भी आसार हैं। वही छत्तीसगढ़ के लिए मौसम विभाग के मुताबिक 20 और 21 मार्च को बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़ और ओडिशा में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की भी प्रबल संभावना है। इस दौरान 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी भी चल सकती है।

# संपूर्णता अभियान के इंडिकेटर को दो सप्ताह में करें हासिल : पाण्डेय



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशन में निगमायुक्त आशुतोष पाण्डेय ने समय सीमा की बैठक लेकर विभागीय कामकाज की समीक्षा की। उन्होंने संपूर्णता अभियान अंतर्गत सम्बंधित विभागों को दिये गए इंडिकेटर में दो सप्ताह के भीतर लक्ष्य हासिल करने के निर्देश दिए।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा के बैठक में निगमायुक्त श्री पांडेय ने स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास विभाग, पशुधन विभाग, कृषि,शिक्षा विभाग को संपूर्णता अभियान के अंतर्गत संकेतकों को दो सप्ताह में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में धान उठाव की स्थिति की समीक्षा करते हुए उठाव में प्रगति लाने के निर्देश खाद्य अधिकारी को दिए। निगमायुक्त ने किसान पीएम सम्मान निधि, ऐग्रिस्टेक पोर्टल में किसानों की एंट्री, केसीसी की समीक्षा करते हुए कृषि अधिकारी को जनपद सीईओ,ग्राम पंचायत से समन्वय कर प्रगति के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत सीएमएचओ को आभा आईडी, आयुष्मान कार्ड, व्यवन्दन कार्ड, एचआरपी का समीक्षा करते हुए प्रगति लाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने बैठक में अपार आईडी, रेडी टू ईट, प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम सूर्यघर योजना, धरती आबा,पीएम जनमन योजना और स्वीकृत आंगनबाड़ी भवन के निर्माण की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में समय सीमा के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निगम आयुक्त श्री पांडेय ने प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएमओ, मुख्यमंत्री जनदर्शन, मानवाधिकार आयोग, कलेक्टर जनदर्शन सहित अन्य महत्वपूर्ण लंबित प्रकरणों को निराकरण के निर्देश दिये। बैठक में तहसीलदारो और नगरीय निकायों के सीएमओ के लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर निराकरण के निर्देश दिये गए।

## छात्राओं को पुलिस ने दी गुड टच- बैड टच की जानकारी

**कोरबा।** पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन थाना पसान द्वारा स्वामी आत्मानंद स्कूल के शिक्षक, शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं को थाना भ्रमण के लिए आमंत्रित किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को थाना की कार्यप्रणाली से अवगत कराते हुए उन्हें एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया, रोजनामचा लेखन, ग्राम अपराध पुस्तिका, अपराध एवं जरायम संबंधी अभिलेखों के रख-रखाव की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही स्मार्ट पुलिसिंग के तहत आधुनिक कार्य प्रणाली एवं पुलिस के दायित्वों से भी परिचित कराया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को मोटर व्हीकल एक्ट के नियमों, यातायात सुरक्षा एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। इसके अतिरिक्त छात्र-छात्राओं को गुड टच एवं बैड टच जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर संवेदनशील तरीके से समझाइश दी गई, जिससे वे अपनी सुरक्षा के प्रति सजग रह सकें। थाना परिसर एवं भौगोलिक स्थिति का भ्रमण कराते हुए बच्चों को पुलिस व्यवस्था की सामान्य जानकारी भी प्रदान की गई तथा उन्हें कानून का पालन करने एवं समाज में जिम्मेदार नागरिक बनने हेतु प्रेरित किया गया। थाना प्रभारी चंद्रपाल खंडे के द्वारा सउनि राकेश सिंह, प्रधान आरक्षक सुभाष राठौर, कुरशा मिंज, आरक्षक, विष्णु पाटले, राहुल बघेल, चंद्रजीत पोर्ते, रतन राठौर ने उपस्थिति में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

* **कोरबा।** भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक सशक्तिकरण की दिशा में चलाए जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय महाप्रशिक्षण अभियान के अंतर्गत कटघोरा मंडल द्वारा अग्रसेन भवन परिसर में प्रशिक्षण अभियान का भव्य शुभारंभ किया गया।

जाँजगीर मार्केट

**फर्नीचर**

आपके शहर जांजगीर में आदित्य प्लाई एंड हार्डवेयर में शादी-विवाह एवं अन्य शुभ अवसरों के लिए फैंसी फर्नीचर, स्टील अलमारी, पाटिकल अलमारी, डिलक्स अलमारी, ड्रेसिंग, सोफा, पलंग, दीवान, कुलर, काउंटर, मंदिर, टी टेबल, डायनिंग टेबल, ऑफिस फर्नीचर, होम फर्नीचर, स्टडी टेबल एवं अन्य आधुनिक फर्नीचर उचित मूल्य पर प्राप्त करें।

विशेष : (1) शादी-विवाह की खरीदी पर विशेष छूट
(1) मॉड्यूलर कीचन, बेडरूम, किड्स रूम, एलईडी स्टेंड डिजाईन एवं डेकोरेशन

आदित्य प्लाई एण्ड हार्डवेयर
नेता जी चौक के पास, लिंक रोड जांजगीर मो. 6260115021

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम अफरीद प. ह. नं. 13 रा. नि. मं. वो तहसील सारागांव जिला जांजगीर चाम्पा छ. ग. में मेंरे पक्षकार महेंद्र नाथ सिह राठौर पिता सुमेर सिंह राठौर साकिन अफरीद तहसील सारागांव जिला जांजगीर-चाम्पा के नाम पर उसके भूमि स्वामी हक एवं कब्जे की भूमि, ख. नं. 1319/1 रकबा 0.061 हे. (0.15 एकड़) भूमि अवस्थित है। उक्त भूमि को मेंरे पक्षकार के द्वारा योगेश सिंह राठौर पिता मानसिंह राठौर निवासी सी. एस. ई. बी. कालोनी कोरबा जिला कोरबा छ. ग. के पास बिक्री करने का पक्का सौदा कर उक्त भूमि की रजिस्ट्री लिखा पढ़ी शिघ्राति शिघ्र होना तय किया गया है। अतः उक्त भूमि की बिक्री के संबंध में किसी व्यक्ति, निकाय, संस्था, बैंक, वित्तिय संस्थान, या किसी को भी कोई आपत्ति हो तो इस नोटिस प्रकाशन के 04 दिनों के भीतर मय विधिक दस्तावेजों के कार्यालयीन समय पर मेरे समक्ष कर सकते हैं विहित समय के पश्चात की गई आपत्ति स्वीकार नहीं किया जावेगा तथा उक्त भूमि की राजिस्ट्री लिखा पढ़ी निष्पादित कराया जावेगा। अतः यह आम सूचना सर्व साधारण के लिये प्रकाशित है।

दिनांक 20.03.2026

प्रकाशक
सनातन राठौर अधिवक्ता
अधिवक्ता जांजगीर
जिला जांजगीर चाम्पा (छ.ग.)
मो. नं. 09425230588

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666

समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त



# अभिनेता और निर्देशक के बाद निर्माता बने कुणाल

**मुंबई।** कुणाल खेमू ने बॉलीवुड में बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट शुरुआत की, फिर लीड एक्टर के तौर पर काम किया। पिछले साल निर्देशक के तौर पर पहली फिल्म बनाई। अब वह अपना प्रोडक्शन हाउस शुरू कर रहे हैं। कुणाल का मकसद अलग किस्म की फिल्में बनाने का है। सोशल मीडिया पर कुणाल खेमू ने यह जानकारी साझा की है कि वह प्रोडक्शन हाउस शुरू कर रहे हैं। इस प्रोडक्शन हाउस को उन्होंने चिराग निहलानी के साथ शुरू किया है। पिछले साल कुणाल ने मडगांव एक्सप्रेस को निर्देशित किया था, यह उनके डायरेक्शन में बनी पहली फिल्म थी। इस फिल्म को दर्शकों ने सराहा था।



लाइफ Style

# नोरा
## हिंदी गाने का आइडिया नहीं था

कन्नड़ फिल्म 'केडी' का गाना 'सरके चुनर' विवादों में है। इस गाने पर नोरा फतेही ने डांस किया है। दो दिन पहले ये गाना यूट्यूब पर रिलीज हुआ। रिलीज होते ही यह विवादों में आ गया। विवाद में आने के बाद गाने को मेकर्स ने सोशल मडिया से हटा लिया है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

नोरा फतेही ने इस विवाद से खुद को अलग कर लिया है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में नोरा फतेही ने अपना एक वीडियो शेयर करते हुए एक पोस्ट लिखी। इसमें उन्होंने लिखा 'मैं बिल्कुल नहीं चाहूंगी कि कोई यह सोचे कि मैं इस गाने का समर्थन करती हूं। आपकी कड़ी प्रतिक्रिया के लिए धन्यवाद, क्योंकि इसी दबाव की वजह से फिल्म बनाने वालों ने इसे हटा लिया है। मैं आप सभी से यह भी गुजारिश करूंगी कि इस गाने को शेयर करना बंद कर दें, क्योंकि आप इसे बेवजह एक प्लेटफॉर्म दे रहे हैं। मैं देख रही हूं कि आप में से कुछ लोग इसे मेरे चरित्र पर हमला करने के एक मौके के तौर पर इस्तेमाल करने की कोशिश कर रहे हैं। यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। मुझे इस हिंदी गाने के बारे में बिल्कुल भी जानकारी नहीं थी। मैंने इस पर कोई परफॉर्मेंस नहीं दी। मेरी तस्वीर के साथ इसका इस्तेमाल करने के लिए कोई अनुमति भी नहीं ली गई थी।' वीडियो में नोरा फतेही को कहते हुए सुना जा सकता है कि 'मैं सभी से यह गुजारिश करूंगी कि वे इस गाने को शेयर करना बंद कर दें, क्योंकि आप बेवजह इसे एक प्लेटफॉर्म दे रहे हैं। इसके अलावा, मैं देख रही हूं कि आप में से कुछ लोग इसे मेरे चरित्र पर हमला करने के एक मौके के तौर पर इस्तेमाल करने की कोशिश कर रहे हैं।

हॉलीवुड मसाला



# चीजों को अपने तक रखना सीखना होगा

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी सिंगर और एक्ट्रेस जेंडाया की नई अंगूठी को देखकर कई लोगों को लगने लगा है कि उन्होंने टॉम हॉलैंड से शादी कर ली है। हालांकि, जेंडाया ने इस पर कुछ नहीं कहा है। इस बीच उन्होंने बताया कि वह अपनी निजी जिंदगी को क्यों इतना छिपा कर रखती हैं? अभिनेत्री ने कहा 'मुझे लगता है कि खुद को छिपाने और अपनी जिंदगी जीने, उसका मजा लेने और अपने लिए खास चीजों को बचाने के बीच एक संतुलन होता है। मुझे लगता है कि हर किसी को किसी न किसी तरह से ऐसा करना ही पड़ता है।' उन्होंने आगे कहा 'आपका काम चाहे जो भी हो, आप जिस भी फील्ड में हों।




# स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे का फर्स्ट लुक आया सामने...

**लॉस एंजिल्स।** स्पाइडर-मैन के फैंस के लिए एक अच्छी खबर सामने आई है। फ्रेंचाइजी की अगली फिल्म 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे'का पहला मोशन पोस्टर जारी कर दिया गया है। इसमें टॉम हॉलैंड स्टारर स्पाइडर-मैन फ्रैंचाइजी की अगली कड़ी की झलक दिखाई गई है। फिल्म का ट्रेलर 18 मार्च को रिलीज किया जाएगा। सोनी पिक्चर्स द्वारा समर्थित 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे' 31 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। मोशन पोस्टर में स्पाइडर-मैन को एक्शन करते दिखाया गया है। इसके सीन हॉलैंड की पिछली फिल्मों की तुलना में अधिक इंटेंस और डार्क दिखते हैं। मोशन पोस्टर में पुनर्जन्म के जिक्र के साथ शुरुआत होती है, जो पिछली फिल्म की घटनाओं के बाद स्पाइडर-मैन के सफर में संभावित बदलाव का संकेत देता है। इस फिल्म का निर्देशन डेस्टिन डेनियल क्रेटन ने किया है।



# मैं सबसे यही बोलती हूं मुझे काम चाहिए

**मुंबई।** कभी बॉलीवुड में बड़ी संख्या में फैन्स की फेवरेट रहीं शिल्पा शिरोडकर अब फिल्में पाने को तरस रही हैं। 'बिग बॉस 18' से लोगों की धुंधली यादों का फिर से हरा-भरा कर चुकीं शिल्पा शिरोडकर की हालिया फिल्म सोनाक्षी सिन्हा और सुधीर बाबू के साथ फिल्म 'जटाधरा' थी। कॅरियर के चरम पर फिल्मों को अलविदा कहने वालीं शिल्पा अब अपने लिए और काम मांग रही हैं। एक बातचीत में कहा है कि वो भविष्य में अपने लिए और काम चाहती हैं। शिल्पा ने अपनी इस बातचीत में कहा, 'मेरी फिल्म जटाधरा नवंबर में रिलीज हुई थी, जो ज्यादा सफल नहीं रही। लेकिन, एक और प्रोजेक्ट है, मैं एक वेब सीरीज कर रही हूं। इसके अलावा मैं एक और फिल्म भी कर रही हूं, और मैं उसकी ऑफिशियल अनाउंसमेंट का इंतजार कर रही हूं।



# चचेरे भाई ईशान के साथ करेंगे काम

**मुंबई।** ऋतिक रोशन ने अपनी एक नई कॉमेडी फिल्म की घोषणा की है। फिल्म का नाम 'मेस' है। इस फिल्म में ऋतिक अपने कजिन भाई ईशान रोशन के साथ काम करेंगे। ऋतिक रोशन ने फिल्म 'मेस' की जानकारी देते हुए एक खास तस्वीर सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की है। इस तस्वीर में उनके साथ उनके चचेरे भाई ईशान रोशन भी नजर आ रहे हैं। फिल्म 'मेस' ऋतिक के प्रोडक्शन बैनर के तहत बनेगी। इस फिल्म को ऋतिक के कजिन भाई ईशान रोशन प्रोड्यूसर करेंगे। फिल्म 'मेस' की कहानी मूल रूप से अमेरिकी लेखक ने लिखी है, जिसे भारतीय रूप में राजेश ए. कृष्णन ने निर्देशित करेंगे। कपिल सावंत ने इसके संवाद तैयार किए हैं। फिल्म की कहानी कुछ चोरों की है, जो एक ऐसे व्यक्ति के घर में चोरी करने जाते हैं, जो ओसीडी से ग्रसित होता है।

टीवी मसाला



# घर में अकेली थीं तेजस्वी, तभी घुसा फैन, करण ने किया हैंडल


**नई दिल्ली।** तेजस्वी प्रकाश टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेस हैं और अब तो वह ओटीटी के प्रोजेक्ट्स भी कर रही हैं। हाल ही वह 'साइको सैयां' में नजर आई थीं। तेजस्वी प्रकाश की जबरदस्त फैन फॉलोइंग हैं और जहां भी वह जाती हैं, फैंस की भारी भीड़ उन्हें घेर लेती है। लेकिन एक बार एक्ट्रेस एक ऐसे सनकी फैन से टकराईं कि वह बुरी तरह डर गई थीं। यह शख्स रोजाना तेजस्वी प्रकाश के घर पहुंच जाता था और उनके आंगन में लेटर डाल देता था। तेजस्वी प्रकाश ने एक इंटरव्यू में पीछा करने वाले इस शख्स के बारे में बताया। साथ ही बताया कि कैसे करण कुंद्रा और परिवार ने उन्हें उस सनकी आदमी से पीछा छुड़ाने में मदद की। इसके लिए एक्ट्रेस को पुलिस की भी मदद लेनी पड़ी थी। तेजस्वी प्रकाश ने इंटरव्यू में बताया, 'एक स्टॉकर था, जो मेरा पीछा करता था। वो रोज मेरे घर आता था। मैं एक रो हाउस में रहती हूं, तो इसलिए घर में एक आंगन है। वो फैन वहां चिट्ठियां छोड़ जाता था। हर बार जब मैं घर से बाहर निकलती, तो मुझे वो चिट्ठियां दिखतीं और मैं सोचती कि यह किसने किया होगा। हमने बड़ी समझदारी से कैमरे लगवा लिए, लेकिन हम उसे पकड़ नहीं पाए।' लेकिन तब तेजस्वी के होश उड़ गए, जब एक दिन वह घर में अकेली थीं और वो आदमी अंदर घुस गया।

## नगमा और अवेज के ब्रेकअप की अफवाह

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 19' के कंटेस्टेंट और कंटेट क्रिएटर अवेज दरबार ने 16 मार्च को अपना जन्मदिन मनाया। इस मौके पर एक ग्रैंड पार्टी दी, जिसमें रियलिटी शो से लेकर टीवी और फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े तमाम लोग आए। नीलम गिरी से लेकर फरहाना भट्ट, गौरव खन्ना, आकांक्षा चमोला, अशनूर कौर, अभिषेक बजाज समेत अन्य नजर आए। नहीं दिखे तो अमल मलिक, जिनसे वह रिश्ता तोड़ चुके हैं और नगमा मिराजकर, जिनसे उनकी शादी होने वाली है। गर्लफ्रेंड के पार्टी में न पहुंचने पर लोगों ने इनके ब्रेकअप की अटकलें लगानी शुरू कर दी। क्योंकि, उन्होंने उनके बर्थडे पर एक पोस्ट तक नहीं किया था। अब अवेज के क्रिप्टिक पोस्ट ने और तहलका मचा दिया है। नगमा मिराजकर को अवेज दरबार ने 'बिग बॉस 19' में ही प्रपोज किया था। इसके बाद जब दोनों बाहर आए तो बताया कि ईद के बाद इनका निकाह होगा। यहां तक कि गौहर खान की सास ने भी मीडिया से इस बात की पुष्टि की कि रमजान के बाद वह बेटे की शादी करेंगी।



## धुरंधर-2 ने एडवांस बुकिंग में बनाया रिकॉर्ड
# बाहुबली-2 को छोड़ा पीछे...



**मुंबई।** फिल्म 'धुरंधर द रिवेंज' का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार था। फिल्म का दर्शकों के बीच जबर्दस्त क्रेज है और एडवांस टिकट बुकिंग के आंकड़े इसकी गवाही दे रहे हैं। एडवांस टिकट बुकिंग के मामले में इसने 'बाहुबली 2' को पीछे छोड़ दिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक प्रीव्यू शो से यह 30 करोड़ रुपए तक की कमाई कर सकती है। एडवांस बुकिंग के मामले में बात करें तो रिपोर्ट के मुताबिक यह फिल्म शानदार प्रदर्शन कर रही है। इसके नौ लाख से अधिक टिकट बिक चुके हैं। अब तक इसके 990500 टिकट बिक चुके हैं। यह करीब 12422 शो के लिए हैं। देशभर में फिल्म ने एडवांस बुकिंग से 42.71 करोड़ रुपए का कलेक्शन जुटा लिया है। कहा जा रहा है कि ओपनिंग डे पर यह फिल्म घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपए की कमाई कर सकती है। वहीं, वर्ल्डवाइड यह आंकड़ा 200 करोड़ रुपए तक पहुंचने की उम्मीद है। फिल्म 'धुरंधर 2' ने एडवांस बुकिंग के मामले में 'बाहुबली 2' के रिकॉर्ड को चकनाचूर कर दिया है। 'बाहुबली 2' के हिंदी पट्टी में पहले दिन 6.50 लाख रुपए के टिकट बिके थे। यह एडवांस बुकिंग के मामले में पहले पायदान पर थी, मगर 'धुरंधर 2' ने इसकी कुर्सी पर कब्जा कर लिया है। एडवांस बुकिंग के मामले में इन फिल्मों का प्रदर्शन सबसे अच्छा रहा है

# 'धूप में निकला न करो रूप की रानी' के लिए किशोर कुमार नहीं थे पहली पसंद

*__नई दिल्ली।__ गायक किशोर कुमार और अमिताभ बच्चन की जोड़ी सिनेमा जगत में काफी चर्चित रही। जिस तरह से राजेश खन्ना को सुपरस्टार बनाने में किशोर दा की आवाज ने अहम योगदान अदा किया किया, ठीक उसी तरह से वह बिग बी के लिए भी लकी साबित हुए थे। लेकिन आपको ये जानकर हैरानी होगी कि अमिताभ के एक 41 साल पुराने गाने के लिए बतौर सिंगर किशोर कुमार संगीतकार की पहली पसंद नहीं थे।*

## शब्बीर कुमार से गवाना चाहते थे

साल 1985 में अमिताभ बच्चन, माधवी, रजनीकांत और कमल हासन स्टारर फिल्म गिरफ्तार को रिलीज किया गया था। मूवी के डायरेक्टर प्रयाग राज थे और संगीतकार की कमान बप्पी लहरी के हाथों में थी। फेसबुक पेज एक दर्द की रिपोर्ट के अनुसार फिल्म के गाने धूप में निकला न करो रूप की रानी... के लिए किशोर कुमार बतौर गायक बप्पी की पहली पसंद नहीं थे। जब ये जानकारी मूवी के मेकर्स को मिली थी, उन्होंने म्यूजिक डायरेक्टर से कहा था कि क्या तुमको मालूम नहीं कि ये गाना अमिताभ पर फिल्माया जाना है और किशोर की आवाज उनपर जचती है। लेकिन, बप्पी लहरी अपनी जिद पर उड़े थे और वह यह गीत सिंगर शब्बीर कुमार से गवाना चाहते थे।



## कादर खान ने बप्पी को समझाया

इस मामले में बाद में कादर खान की एंट्री हुई और उन्होंने बप्पी को समझाया और कहा कि घर जाकर इस पर ठंडे दिमाग से विचार करो। फिर जाकर बप्पी को अपनी गलती को एहसास और फिर किशोर कुमार ने गिरफ्तार के धूप में निकला न करो रूप की रानी गाने को गाया। आलम ये है कि आज भी इसे हिंदी सिनेमा का कल्ट सॉन्ग माना जाता है।

## बप्पी और किशोर दा की गहरी दोस्ती

कहा जाता है कि संगीतकार आरडी बर्मन की तरह बप्पी लहरी के साथ भी सुरों के सरताज किशोर कुमार की काफी गहरी दोस्ती हुआ करती थी। लेकिन गिरफ्तार के इस गाने की वजह से उनकी दोस्ती में दरार आना शुरू हो गई और किशोर दा को मन ही मन ये मालूम था कि अमिताभ बच्चन का ये सॉन्ग लहरी उनसे नहीं गवाना चाहते थे।

## रोचक है देश की पहली बोलती फिल्म आलम आरा का किस्सा
# सिर्फ रात में होती थी शूटिंग, यहूदी नाटक पर थी बेस्ड

*__नई दिल्ली।__ भारत की पहली बोलती फिल्म का नाम आलम आरा था। साल 1931 में इसे सिनेमाघरों रिलीज किया गया था। इसे एक ऐतिहासिक मूवी के तौर पर जाना जाता है, इसके जरिए ही इंडस्ट्री में टॉकी मूवीज की शुरुआत हुई थी। लेकिन क्या आप जानते हैं कि आलम आरा को बनाने के लिए मेकर्स ने काफी जद्दोजहद की थी। सिर्फ रात में फिल्म की शूटिंग और साउंड के लिए विशेष तकनीकि का इस्तेमाल करना जैसे कई तरीकों से आलम आरा को बनाया गया था।*

## रात में क्यों होती थी फिल्म की शूटिंग

आलम आरा का निर्देशन पारसी फिल्मकार अर्देशिर ईरानी ने किया था। इस मूवी की शूटिंग लोकेशन का किस्सा सबसे ज्यादा चर्चित और रोचक है। बताया जाता है कि आलम आरा की शूटिंग मुंबई के जीटी रोड इलाके में रेलवे ट्रैक के पास बने स्टूडियो में हुई थी। चूंकि, रेलवे ट्रैक के पास स्टूडियो था तो जाहिर की दिन में रेलगाड़ियों की आवाजाही लगी रहती थी। इस वजह से दिन में ट्रेनों का शोर रिकॉर्डिंग में आ जाता था, इसलिए शूटिंग रात 1 बजे से सुबह 4 बजे के बीच की जाती थी। सिर्फ इतना ही नहीं ,दिन के उजाले में शूटिंग प्रोक्स को लेकर भी समस्या होती थी। जैसे माइक्रोफोन बहुत बड़े होते थे, इसलिए उन्हें कलाकारों के कपड़ों या सेट के सामान के अंदर छिपाया जाता था। संगीत देने वाले आर्टिस्ट को कई बार पेड़ों के पीछे छिपकर हारमोनियम और तबला बजाना पड़ता था, ताकि उनकी आवाज रिकॉर्ड हो सके, लेकिन वे कैमरे में नजर न आएं।



## हिंदी और उर्दू का मिश्रण कर पेश किया फिल्म

आलम आरा की कहानी के बारे में किया जाए तो ये मुंबई में रहने वाले बगदादी यहूदी नाटककार जोसेफ डेविड के लोकप्रिय नाटक आलम आरा से प्रेरित थी, जिसमें में महल की दो रानियों के बीच संघर्ष, महल की साजिशें और प्रेम कथा दिखाई गई थी। कहा जाता है कि ईरानी ने ज्यादा से ज्यादा दर्शकों तक मूवी को पहुंचाने के लिए हिंदी और उर्दू भाषा का मिश्रण कर आलम आरा को पेश किया था।

## फिल्म बनाने के लिए फंड नहीं था

गौर किया जाए अर्देशिर ईरानी की तरफ तो उनके पास आलम आरा को बनाने के लिए फंड नहीं था। बताया जाता है कि एक बार उनकी 14 हजार रुपए की लॉटरी लग गई थी और इसके बाद उन्होंने इसी धनराशि की मदद से भारत की पहली बोलती फिल्म का निर्माण किया था। इसके अलावा उन्होंने साउंड रिकॉर्डिंग की तकनीक विदेशी विशेषज्ञ मिस्टर डेमिंग से सीखी थी।

## इस सिनेमाघर में हुई थी रिलीज

95 साल पहले आलम आरा फिल्म को मुंबई के मैजेस्टिक सिनेमा में रिलीज किया गया था। बताया जाता है कि थिएटर के बाहर भारी भीड़ उमड़ पड़ी और व्यवस्था संभालने के लिए पुलिस बुलानी पड़ी। इस तरह से देश की ऐतिहासिक फिल्म ने कामयाबी का परचम लहराया था।

## खबर संक्षेप

### सशिमं के छात्र का जवाहर नवोदय विद्यालय चिस्दा में हुआ चयन



**राहौद।** नगर में हनुमंत लला शिक्षण समिति द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 5 वीं के अध्ययनरत होनहार छात्र हर्ष देवांगन का जवाहर नवोदय विद्यालय चिस्दा में चयन हुआ है। हर्ष मेहंदी निवासी राकेश कुमार देवांगन एवं चंद्रकला देवांगन के पुत्र है। हर्ष को नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा कक्षा 6 वीं के लिए सफलता प्राप्त करने पर माता- पिता और विद्यालय परिवार में प्रसन्नता की लहर है। विद्यालय के प्राचार्य सुरेश कुमार साहू , आचार्य एवं दीदीयों ने छात्र हर्ष देवांगन के माथे पर तिलक लगाकर व मिठाई खिलाकर उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त स्टाफ उपस्थित थे।

### भाजपा किसान मोर्चा पामगढ़ के मण्डल उपाध्यक्ष बनाये गए कुमार

**राहौद।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष अम्बेश जांगड़े के निर्देशानुसार एवं भारतीय जनता पार्टी



किसान मोर्चा जिला के जिलाध्यक्ष भुवनेश्वर प्रसाद साहू के मार्गदर्शन व भारतीय जनता पार्टी मण्डल पामगढ़ के मण्डल अध्यक्ष यशवंत साहू की अनुशंसा से भारतीय किसान मोर्चा पामगढ़ मण्डल की कार्यकारिणी की घोषणा की गई है, जिसमें कुमार यादव नगर पंचायत राहौद को मण्डल उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। उन्होंने शीर्ष नेतृत्व एवं वरिष्ठ जनो का आभार व्यक्त किया एवं उक्त जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से निर्वहन करने का विश्वास दिलाया।

### एक दिवसीय निरंकारी जोनल लेवल संत समागम पचेड़ा में आयोजित



**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर शाखा के ग्राम पचेड़ा में जोन-स्तरीय एक दिवसीय निरंकारी संत समागम का आयोजन 15 मार्च रविवार को सुबह 11 बजे से 2 बजे तक हुआ। जयपुर राजस्थान से आये महात्मा भूपराम शर्मा के सानिध्य में तथा जोनल इंचार्ज महात्मा सुन्दर श्याम के सानिध्य में कार्यक्रम की शुरूवात प्रिया राजवानी के हरदेव गायन से हुआ इसके पश्चात बिलासपुर जोन के कोरबा, जांजगीर-चाम्पा, पेण्ड्रा, बिल्हा-चकरभाठा, अम्बिकापुर, पत्थलगांव से आयें अनेक महात्मा व बहनों द्वारा अपने गीतों व विचारों से परम पिता परमेश्वर का यशोगान किया। महात्मा भूपराम शर्मा अपने विचारों में कहा कि संत निरंकारी मिशन एक आध्यात्मिक विचारधारा है, जो सतगुरू द्वारा ब्रम्हज्ञान देकर कण-कण में बसे निराकार प्रभु के दर्शनकरा कर मानव को मानव से जोड़कर उनमे प्रेम की भावना उजागार करता है, जिस प्रकार ग्रंथो में भी लिखा है। ''गुरू गोंवद दोउ खडे, काके लागू पाय, बलिहारी गुरू आपनों गोविद दियो बताय'' अर्थात बिना गुरू के मार्ग दर्शन के मनुष्य को ईश्वर की ज्ञान प्राप्ति नहीं नहीं हो सकता। आज समय के सतगुरू माताजी सुदीक्षा महाराज भी जन-जन यही संदेश देने का कार्य कर रहीं है कि मानव-मानव एक हैं, आपस में नफरत बैर इत्यादि त्याग कर, प्रेम और भाई-चारे के साथ एक सुन्दर जीवन जिया जा सकता है। संत समागम के अंत में जांजगीर-चाम्पा में मुखी महात्मा परसराम बजाज ने धन्यवाद ज्ञापित किया। बिलासपुर जोन के जोनल इंचार्ज महात्मा सुन्दर श्याम भी बिलासपुर जोन से आये सभी सेवादलों सभी महात्माओं और बहनों का आभार व्यक्त किया। इसके पश्चात सभी महात्माओं और बहनों ने गुरू प्रसाद लंगर का भी आनंद लिया।

### प्रजापिता ईश्वरीय विश्वविद्यालय मुलमुला में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस



**मुलमुला।** प्रजापिता ईश्वरीय विश्वविद्यालय मुलमुला द्वारा महिला दिवस मनाया गया। इस दौरान कन्याओं ने स्वागत नृत्य की वहीं भाइयों के द्वारा देवियों का गीत प्रस्तुत किया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर में प्रजापिता ईश्वरीय विश्वविद्यालय मुलमुला के द्वारा महिला दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शांता कशयप रेंजर अधिकारी बिलासपुर, पुष्पलता सन्नी यादव जनपद सदस्य जनपद पंचायत पामगढ़, संतोषी सिंह अध्यक्ष महीला मोर्चा जांजगीर चांपा, रंजना सिंह कोषाध्यक्ष वेल विशर फाऊंडेशन अकलतरा, सीता टंडन प्रथम महिला पत्रकार और बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। मेहमानों का स्वागत पगड़ी, श्रीफल गुलदस्ते से किया गया। कन्याओं ने स्वागत नृत्य की वहीं भाइयों के द्वारा देवियों का गीत प्रस्तुत किया। ब्रह्मकुमारी बी.के. हेमा दीदी ने परमात्मा आत्मा का परिचय दी और बी.के.शारदा दीदी कमेंट्री के द्वारा परमात्मा अनुभूति करवाई। उषा बहन के द्वारा संस्था का परिचय दिया गया। पूजा बहन ने मंच संचालन की। वंदना बहन ने माताओं को एक्टिविटी करवाई। अंत में आभार प्रकट बहन कौशल्या ने किया।

छोटे व्यापारियों पर रोजी-रोटी का संकट

# कमर्शियल सिलेंडरों की आपूर्ति बंद होटल संचालकों की बढ़ी दिक्कतें

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले में कामर्शियल सिलेंडरों की आपूर्ति बंद हो चुकी है, जिसके कारण होटल ढाबा संचालकों की परेशानी बढ़ गई है। स्थिति यह है कि चाट भंडार, ठेला संचालन करने वाले कई छोटे व्यवसायियों का उनका व्यवसय प्रभावित हो रहा है। छोटे व्यापारियों पर रोजी-रोटी का संकट पैदा हो गया है।

गौरतलब है कि जांजगीर-चांपा जिले के पांच ब्लाक अंतर्गत करीब 5 लाख से अधिक उपभोक्ता गैस सिलेंडरों का उपयोग घरेलू गैस सिलेंडर एवं कमर्शियल के रूप में करते हैं। साथ ही साथ जिले में 25 गैस एजेंसियों का संचालन भी किया जा रहा है। इधर ईरान-इराक एवं अमेरिका युद्ध का असर तेल एवं गैस पर पड़ रहा है। स्थिति यह है कि जांजगीर-चांपा जिले के अधिकांश गैस एजेंसी में कमर्शियल गैस सिलेंडर की आपूर्ति बंद हो चुकी है। इसका असर होटल, ढाबा, मिष्ठान भंडार समेत अन्य ठेला, चाट भंडार संचालन करने वाले छोटे व्यापारियों पर देखने को मिल रहा है। छोटे व्यापारियों पर रोजी-रोटी का संकट पैदा हो गया है। जिला मुख्यालय जांजगीर में ही कचहरी चौक, नेताजी चौक, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के पास चौपाटी में बड़े पैमाने पर चाट भंडार, समोसा, मोमोज समेत अन्य दुकानों का संचालन बड़े पैमाने पर किया जाता है, लेकिन कमर्शियल गैस सिलेंडर की आवक बंद हो जाने के कारण छोटे व्यापारियों पर इसका असर देखने को मिल रहा है। सिलेंडर की आवक नहीं हो पाने के चलते उनका व्यवसाय प्रभावित हो रहा है। इस संबंध में सहायक खाद्य अधिकारी संदीप पांडेय का कहना है कि कमर्शियल गैस सिलेंडरों की सप्लाई उच्च स्तर से नहीं हो पा रही है जिसके कारण इसका असर होटल ढाबा संचालकों पर पड़ रहा है। संचालकों द्वारा घरेलू गैस का उपयोग पर कार्यवाही भी की जा रही है।



गोदाम में रखा सिलेण्डर।

**बढ़ गई बुकिंग**

घरेलू गैस सिलेंडर की ऑनलाइन बुकिंग पहले की अपेक्षा बढ़ गई है। उपभोक्ताओं को नियमों के तहत ही गैस सिलेंडर वितरण किया जा रहा है।

-विजय बंसल,
संचालक
इंडेन गैस एजेंसी जांजगीर

**ऑनलाइन बुकिंग के लिए लंबा इंतजार**

इधर जांजगीर-चांपा जिले के अधिकांश गैस एजेंसियों में घरेलू सिलेंडर बुकिंग को लेकर ग्राहकों को लंबा इंतजार करना पड़ जा रहा है। करीब 15 दिन पहले बुकिंग करने के बाद उपभोक्ताओं को घरेलू गैस सिलेंडर मिल पा रहे हैं गैस एजेंसी संचालकों की माने तो पहले इस तरह की स्थिति नहीं थी, लेकिन इराक ईरान एवं अमेरिका युद्ध का असर तेल एवं गैस पाइपलाइन कंपनियों पर पड़ रहा है।

### नहर में बहता मिला नवजात का शव, मचा हड़कंप

**जांजगीर-चांपा।** पामगढ ब्लॉक के ग्राम बारगांव में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां नहर में नवजात शिशु का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। नहर में पानी के साथ बहते हुए एक नवजात का शव देखा गया। स्थानीय लोगों की नजर पड़ते ही मौके पर भीड़ जुट गई और तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। सूचना मिलते ही पामगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नहर से बाहर निकालकर अपने कब्जे में लिया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बारगांव में नहर में नवजात शिशु का शव मिलने से सनसनी फैल गई है। घटना की जानकारी फैलते ही क्षेत्र में आक्रोश का माहौल बन गया, वहीं बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि नवजात को जन्म के तुरंत बाद नहर में फेंका गया हो सकता है। हालांकि, अभी तक इसकी पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस ने मामले को संदिग्ध मानते हुए हर पहलू से जांच शुरू कर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, जिससे मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके। इसके साथ ही पुलिस आसपास के गांवों में पूछताछ कर रही है और यह जानने का प्रयास कर रही है कि आखिर नवजात को किसने और क्यों नहर में फेंका। घटना के बाद क्षेत्र के लोगों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। ग्रामीणों ने दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।



## प्रतियोगी परीक्षा के लिए पुस्तकालय में पर्याप्त मात्रा में पुस्तकें नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

- नहीं हो रही मॉनिटरिंग, मुलभूत सुविधाओं का अभाव

प्रतियोगी परीक्षाओं को ध्यान में रखकर चार साल पहले ग्राम बीरभांठा में पुस्तकालय की स्थापना की गई है, लेकिन यहां पर्याप्त मात्रा में प्रतियोगी परीक्षा के लिए पुस्तकें नहीं हो पाने के चलते तैयारी करने वालों बच्चों की परेशानी हो रही है।

ब्लाक के बच्चों को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कराने के उद्देश्य से पुस्तकालय की स्थापना 18 मई 2022 को तत्कालीन एसडीएम शक्ति रैना जमील के मार्गदर्शन एवं जिला शिक्षाधिकारी के आदेश से ब्लाक मुख्यालय में शुरू हुआ है। ग्राम बीरभाठा के पुराना स्कूल भवन को रिनोवेशन कर पुस्तकालय संचालित किया जा रहा है। यहां 1648 पुस्तक उपलबध कराया गया है जिसमें 1461 प्रकार के पुस्तक उपलब्ध है जहां बड़ी संख्या मे प्रतियोंगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र छात्राएं रोजाना 8 से शाम 5 बजे पहुंच कर अध्ययन करते हैं। प्रधान पाठक भाटापारा कुरदा को पुस्तकालय प्रभारी बनाया गया है । यहां, मालखरौंदा, बड़े रवेली, बड़े सीपत, कुरदा, चारपारा, आमनदुला, पोता, के छात्र-छात्राएं यहां पढ़ाई करने पहुंच रहे है। हालांकि प्रतियोगी परीक्षा के दृष्टि से यहां पर्याप्त मात्रा में पुस्तक नहीं है, जिसके चलते बच्चे अपने घर से ही पुस्तक लाकर पढ़ने को मजबूर है। पुस्तकालय खुले चार वर्ष हो गया है। यहां के बच्चो द्वारा कई बार प्रतियोगी परीक्षा के अनुरूप पुस्तक उपलब्ध कराने की मांग कर चुके हैं पर ब्लाक एवं जिले के जनप्रतिनिधि तथा अधिकारियों द्वारा कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। जिससे बच्चे मायूस है। यहां तक की प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे बच्चों को परिसर में शौचालय एवं पानी की समस्या के चलते बाहर जाना पड़ता है। कुर्सी टूटने, पंखा बिगड़ने पर प्रभारी द्वारा अपने जेब से राशि खर्च करना पड़ता है। यहां तक की दोनो कमरे का फाल सीलिंग भी गिर चुका है। जिससे इस बार गर्मी में भारी छात्र-छात्राओं को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। पूर्व एसडीम अरुण सोम द्वारा लगातार पुस्तकालय का मॉनिटरिंग किया जाता था, लेकिन उनके जाने के बाद यहां कोई अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे है।

## आज मनेगा चेट्रीचण्ड्र महोत्सव, निकलेगी बहराणा साहिब की शोभा यात्रा, जगह-जगह होगा आम लंगर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

स्थानीय पूज्य सिंधी पंचायत बस्ती एवं पूज्य सिंधी पंचायत सिंधी कॉलोनी द्वारा शुक्रवार 20 मार्च को समाज के आराध्य देव वरणावतार भगवान झूलेलाल की जयंती धूमधाम से उत्साहपूर्वक मनाई जायेगी। इस मौके पर दोनों ही समाज द्वारा दोपहर एवं रात्रि में आम लंगर का आयोजन किया जायेगा।



पूज्य सिंधी पंचायत बस्ती के अध्यक्ष लक्ष्मण थावाणी ने बताया कि भगवान झूलेलाल जी की जयंती शुक्रवार 20 मार्च को चेट्रीचण्ड्र महोत्सव के रूप में मनाई जायेगी। समाज द्वारा पर्व के पूर्व गुरूवार 19 मार्च को सायं 6 बजे राधाकृष्ण मंदिर चौक सदर बाजार से समाज के युवकों एवं युवतियों की बाईक रैली का आयोजन किया गया। यह बाईक रैली नगर भ्रमण के बाद रात्रि 8 बजे सोझी घाट पहुंची जहां भगवान झूलेलाल की महाआरती के पश्चात सिंधी गुरूद्वारे में रात्रि 9 बजे से आम लंगर का आयोजन किया गया। झूलेलाल जयंती के दिन शुक्रवार 20 मार्च को समाज के सभी व्यवसायियों द्वारा दोपहर 2 बजे से अपने प्रतिष्ठान बंद कर सायं 5 बजे से सिंधी गुरूद्वारे से बहराणा साहिब की शोभ यात्रा नगर में निकाली जायेगी। रात्रि में सोझी घाट हसदेव नदी में ज्योत के विसर्जन पश्चात सिंधी गुरूद्वारे में आम लंगर का आयोजन किया गया है। उधर पूज्य सिंधी पंचायत सिंधी कॉलोनी के अध्यक्ष सुनील साधवानी ने बताया कि भगवान श्री झूलेलाल जी की जयंती के अवसर पर शुक्रवार 20 मार्च को सिंधी कॉलोनी स्थित भगवान झूलेलाल जी के मंदिर में भगवान झूलेलाल का दोपहर 12 बजे से अभिषेक किया जायेगा। इसके बाद दोपहर 1 बजे से सिंधु भवन में आम लंगर का आयोजन किया गया है। सायं 5 बजे यहां से बहराणा साहिब की शोभा यात्रा निकाली जायेगी। नगर भ्रमण के बाद रात्रि में ज्योत का विसर्जन रामबांधा तालाब में किया जायेगा। चेट्रीचण्ड्र महोत्सव को धूमधाम से मनाने के लिए सिंधी समाज के पुरूष, महिलाएं तथा युवक-युवतियों सहित बच्चे जोर शोर से उत्साहपूर्वक लगे हुए हैं।

## खदानों में नियम विरुद्ध ब्लास्टिंग से घरों में पड़ रही दरारें

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

- लटिया रोड पर संचालित खदानों व क्रशरों की अनियमितताओं की जांच की मांग, कलेक्टर से शिकायत

नगर पालिका अकलतरा एवं ग्राम पंचायत लटिया के मध्य संचालित खदानों और स्टोन क्रशरों में कथित अनियमितताओं को लेकर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने कलेक्टर से शिकायत की है।

जनपद सदस्य ईश्वर साहू एवं लटिया सरपंच प्रतिनिधि बांके बिहारी सिंह ने जनदर्शन में आवेदन प्रस्तुत कर नियमों के उल्लंघन की जांच कर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में बताया गया है कि क्षेत्र में संचालित कई खदानों एवं क्रशरों द्वारा लगातार नियमों की अनदेखी की जा रही है, जिससे आम नागरिकों, पर्यावरण तथा सार्वजनिक संपत्तियों को गंभीर नुकसान हो रहा है। आरोप है कि खदानों में नियम विरुद्ध ब्लास्टिंग की जा रही है, जिसके कारण उत्पन्न कंपन से आसपास के घरों में दरारें पड़ रही हैं और ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है। अत्यधिक खनन और ब्लास्टिंग से भू-जल स्तर में गिरावट आ रही है, जिससे जल संकट की स्थिति उत्पन्न हो रही है। वहीं, खदान और क्रशर परिसरों में बाउंड्रीवाल की व्यवस्था नहीं होने से मवेशियों और लोगों के साथ दुर्घटनाएं हो रही हैं। पर्यावरणीय नियमों के उल्लंघन का भी आरोप लगाया गया है। शिकायतकर्ताओं के अनुसार न तो पर्याप्त वृक्षारोपण किया गया है और न ही धूल नियंत्रण के लिए पानी का छिड़काव किया जा रहा है। इसके अलावा कई खदानों में निर्धारित क्षमता से अधिक अवैध उत्खनन तथा बिना रॉयल्टी या एक ही रॉयल्टी के आधार पर गिट्टी का परिवहन किया जा रहा है। कुछ क्रशरों पर बिना जीएसटी बिल के गिट्टी बेचने का भी आरोप है, जिससे शासन को राजस्व की हानि हो रही है। साथ ही, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की सड़कों पर भारी वाहनों के संचालन से सड़कें क्षतिग्रस्त हो रही हैं और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि कई खदानें रेलवे लाइन के समीप संचालित हो रही हैं, जिससे भविष्य में बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। शिकायतकर्ताओं ने कलेक्टर से मांग की है कि सभी खदानों एवं क्रशरों की नियमानुसार जांच कराई जाए और नियम विरुद्ध संचालित इकाइयों पर कठोर कार्रवाई करते हुए उन्हें बंद किया जाए। सरपंच प्रतिनिधि बांके बिहारी सिंह ने चेतावनी दी है कि यदि 30 दिनों के भीतर कार्रवाई नहीं हुई तो ग्रामवासी जनआंदोलन करने को बाध्य होंगे।



जनदर्शन में कलेक्टर से शिकायत करते जनपद सदस्य।

## दो सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन पर बैठा आदिवासी परिवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के नेता के खिलाफ सवरियां आदिवासी परिवार गुरुवार से दो सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गया है। उनकी पहली मांग है कि उनके खिलाफ झूठी शिकायत की गई है उसे वापस लिया जाए। वही दूसरी मांग है कि गोंडवाना गणतंत्र पार्टी की आड़ में ब्लैकमेलिंग करने वाले के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया जाए।

धरने में बैठे आदिवासी परिवार का कहना है कि गोंडवाना पार्टी के एक नेता द्वारा धमकी देते हुए ब्लैकमेलिंग किया जा रहा है। आदिवासी परिवार का आरोप है कि उस नेता के द्वारा उनसे 5 लाख की मांग गई थी थी नहीं देने पर उनकी जमीन हथियाने की कोशिश की जा रही है। इसी को लेकर आदिवासी परिवार ने डेढ़ माह पूर्व भी थाने में इसकी शिकायत की थी। कार्यवाही नहीं होने से पूरा परिवार धरने पर बैठ गया। उन्होंने बताया कि न गोंडवाना पार्टी के एक नेता ने सवरियां आदिवासियों को उनकी जमीन से बेदखल कराने की धमकी दी थी ओर पिछले ढाई महीने से गोंडवाना पार्टी की मदद लेकर अधिकारियों पर गरीब आदिवासियों को उनकी जमीन से बेदखल करने दबाव बना रहा है। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने सवरियां आदिवासियों को आश्वासन दिया है उनके साथ अन्याय नहीं होगा।



अनिश्चितकालीन आंदोलन पर बैठा आदिवासी परिवार।

## ऑपरेशन सोनचिरैया के स्वच्छता अभियान में पहुंचे कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

ऑपरेशन सोनचिरैया के अंतर्गत नवरात्रि के अवसर पर 19 मार्च गुरुवार को मां मनकादाई मंदिर खोंखरा परिसर में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया।

इस विशेष अभियान में जिला कलेक्टर जनमेजय मोहबे एवं जिला भाजपा उपाध्यक्ष अमर सुल्तानिया की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने स्वयं उपस्थित होकर टीम का उत्साहवर्धन किया। इस अभियान में एन.सी.सी. फर्स्ट ऑफिसर दिनेश चतुर्वेदी एवं ऑपरेशन सोनचिरैया के सदस्य पार्थ तिवारी की उपस्थिति में यह अभियान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। ऑपरेशन सोनचिरैया की टीम से पार्थ तिवारी, अनीश रत्नाकर, किशोर कुमार खुटे, विक्रम आदित्य सिंह, ओम सिंह, सह सचिव जिला अधिवक्ता संघ शिवनारायण यादव, गौरव कटाकवार एवं संजू रात्रे ने मिलकर मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों की साफ-सफाई की। यह ऑपरेशन सोनचिरैया द्वारा आयोजित आठवां स्वच्छता अभियान था। इससे पूर्व टीम द्वारा जांजगीर में छह अभियान एवं कुलीपोटा में एक स्वच्छता अभियान सफलतापूर्वक संपन्न किया जा चुका है। वहीं एन.सी.सी. कैडेट्स समीर कश्यप, जीतू श्रीवास, आर्यन वैष्णव, मुकेश सूर्यवंशी, देव यादव, वैभव बारेठ, लक्षित विजय, कृष्णा यादव, मयंक सूर्यवंशी, सृजन साहू, नेहर ठवैत, अंकित साहू एवं निखिल श्रीवास ने भी सक्रिय भागीदारी निभाते हुए स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। इस दौरान उपस्थित सभी लोगों ने स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया और समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने का संदेश दिया।




कोटमीसोनार में भव्य कलश यात्रा के साथ नववर्ष एवं नवरात्रि पर्व का शुभारंभ

## नवरात्रि का पर्व शक्ति, साधना और आत्मबल बढ़ाने का प्रतीक : साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

हिंदू नववर्ष एवं चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर ग्राम कोटमी सोनार में स्थित श्रीराम जानकी मंदिर डबरा मठ से भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कलश यात्रा श्रीराम जानकी मंदिर डबरा मठ से प्रारंभ होकर जगतपारा, कुम्हारपारा, श्रीराम चौक, माता चौरा बाजार, मझोतपारा सहित विभिन्न मार्गों से होते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंची।

यात्रा के दौरान श्रद्धालु भगवान श्रीराम के जयघोष करते हुए नगर भ्रमण करते रहे, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती रजनी सत्तू साहू ने धर्म एवं संस्कृति पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि नवरात्रि का पर्व शक्ति साधना और आत्मबल बढ़ाने का प्रतीक है। साथ ही भारतीय नववर्ष के आगमन पर सभी को अपने घरों में भगवा ध्वज, रंगोली एवं दीप प्रज्वलित कर स्वागत करना चाहिए। उन्होंने सनातन संस्कृति में इस पर्व के विशेष महत्व पर प्रकाश डालते हुए समाज को एकजुट होकर ऐसे उत्सव मनाने का आह्वान किया।महंत सर्वेश्वर दास महाराज (श्रीराम जानकी मंदिर डबरा मठ, कोटमी सोनार) ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय संस्कृति और परंपराएं हमारी पहचान हैं, जिन्हें सहेजकर रखना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने नवरात्रि के दौरान मां दुर्गा की उपासना एवं धार्मिक अनुष्ठानों के माध्यम से समाज में सकारात्मक ऊर्जा के संचार की बात कही। इस अवसर पर लखेश्वर पटेल, शशिकांत सोनी ,सुबोध थवाईत, ललित सोनी, बजरंग दल जिला संयोजक राकेश शर्मा, मंटू थवाईत, शिवम सोनी, कुणाल पटेल, ज्योति पाण्डेय, अम्बिका वैष्णव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि, संत एवं श्रद्धालु।

